अम्बाला केसरी

सांसद दीपेन्द्र हुड्डा आज अम्बाला में

अम्बाला शहर, 24 दिसम्बर (रीटा): रोहतक के सांसद दीपेन्द्र हुड्डा 25 दिसम्बर को प्रातः 10 बजे पंचायत भवन अम्बाला शहर में अम्बाला हैल्थ केयर एंड वैल्फेयर सोसायटी द्वारा लगाए जाने वाले विशाल चिकित्सा शिविर का उद्घाटन करेंगे तथा पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं अम्बाला शहर के विधायक विनोद शर्मा इस मौके पर विशेष तौर पर मौजूद रहेंगे। यह जानकारी हरियाणा बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा एवं सोसायटी की मुख्य संरक्षक शक्ति रानी शर्मा ने दी।

गुर्जर 28 से करेंगे विभिन्न गांवों का दौरा

नारायणगढ़, 24 दिसम्बर (सुशील): सी.पी.एस. रामकिशन गुर्जर 28 दिसम्बर तथा 30 दिसम्बर को हलके के विभिन्न गांवों का दौरा कर ग्रामवासियों की समस्याएं सुनेंगे। यह जानकारी एस.डी.एम. ओ.पी. शर्मा ने दी।